भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1513 का उत्तर

भीड़ नियंत्रण तंत्र

1513. श्रीमती साजदा अहमद:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महामारी के पश्चात यात्रियों के लिए रेलगाड़ियों को फिर से डिजाइन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या प्रौद्योगिकी/सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है; और

(घ) क्या सरकार का विचार शीघ्र ही राज्यों के लिए पूर्ण यात्री सेवाएं शुरू करने का है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल (आईआर) में यात्री सवारी डिब्बों के नए डिजाइन वेरिएंट की शुरुआत करना सतत प्रक्रिया है।

कोविड-19 संरक्षा में सुधार करने के लिए, सवारी डिब्बों में निम्नानुसार अतिरिक्त विशेषताओं के साथ कुछ सवारी डिब्बों को परीक्षण के लिए निकाला गया है:

(i) सवारी डिब्बों के शौचालय के वॉशबेसिन के अंदर और बाहर हैंड फ्री पैर से संचालित नल और तरल साबुन डिस्पेंसर।

(ii) बार-बार यात्री इंटरफेस वाले हैंडल पर एंटी माइक्रोबियल घटक के रूप में तांबे की कोटिंग का प्रावधान।

(iii) सवारी डिब्बों के अंदर प्रमुख स्थानों पर कोविड एहतियात स्टिकर चिपकाए गए।

(ग) भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई विशिष्ट सॉफ़्टवेयर उपलब्ध नहीं है। प्रारंभ में, कोविड-19 महामारी के दौरान, यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) सॉफ्टवेयर के माध्यम से यात्रियों को केवल सीमित संख्या में सीटें आवंटित की जा रही थीं। बहरहाल, कोविड उपयुक्त व्यवहार को अपनाने के साथ, संभावित यात्रियों को पीआरएस सॉफ्टवेयर के अनुसार सभी बर्थ आवंटित किए जा रहे हैं।

(घ) कोविड-19 महामारी की रोकथाम करने के लिए, भारतीय रेल ने 23.03.2020 से सभी यात्री गाड़ियों को बंद कर दिया था। मौजूदा स्थिति को देखते हुए, राज्य सरकारों के सुझावों, उनकी चिंताओं और उनके द्वारा जारी स्वास्थ्य परामर्शों को ध्यान में रखते हुए केवल सीमित ठहराव वाली विशेष रेलगाड़ियां ही परिचालित की जा रही हैं।

*****